Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to upgrade Fragrance & Flavour Development Centre, Kannauj, Uttar Pradesh to Aroma University -laid.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): मेरे संसदीय क्षेत्र कन्नौज का इत्र एंव सुगंध व्यवसाय से लगभग 500 वर्ष का पुराना इतिहास है। भारत में सर्वाधिक इत्र व्यवसाय के रूप में पूरी दुनिया में कन्नौज ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लगभग 300 से अधिक छोटी से बड़ी इकाईयां आज इस उधोग में कार्यरत होकर उत्पादन के साथ-साथ रोजगार देने के लिए बहुत बड़ी साधन बनी हुयी है। कन्नौज में स्थापित सुगंध एंव सुरस विकास केंद्र 28 एकड़ के विशाल परिक्षेत्र में अवस्थित होने के साथ ही भारत सहित मिश्र, युगांडा, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि दुनिया के कई देशों के प्रशिक्षार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर इस व्यवसाय में दक्षता प्रदान करने का भी काम कर चुका है। जनपद कन्नौज में स्थित विशाल परिसर में अवस्थित इस प्रशिक्षण संस्थान को आवश्यकता अनुसार और भी भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है। इसलिए यदि संस्थान को अरोमा विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित कर दिया जाए तो दुनिया में भारत की यह एक अनोखी पहल होगी, जिसमें पुन: नालंदा और तक्षशिला की भांति भारत में भी लोग अरोमा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आया करेंगे। साथ ही विषय विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त करने और शोध कार्य होने से बेहतर परिणाम प्राप्त कर दुनिया में इसके निर्यातक देश के रूप में भी अपना स्थान बना सकेंगे।

अत: मेरा माननीय मंत्री से आग्रह है कि सुगंध एंव सुरस विकास केंद्र (Fragrance and Flavour Development Center) को अरोमा विश्वविद्यालया के रूप में विकसित किया जाए।